सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 216 | इंदौर, गुरुवार 15 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. SC: सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना पर लगाई रोक, बताया असंवैधानिक, सर्वसम्मति से सुनाया फैसला
2. बॉर्डर से लाइव: आंसू गैस से निपटने को गीली बोरी-स्प्रे पंप और PPE किट का सहारा
3. Kisan Andolan: पंजाब सीमाओं पर टकराव, हरियाणा के किसान और खापें आईं समर्थन में, सरकार से वार्ता आज
4. EU: भारतीय और चाइनीज कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा यूरोपीय संघ, रूस की मदद करने का आरोप
5. US Firing: अमेरिका के कंसास सिटी में गोलीबारी में एक की मौत, 22 घायल; अटलांटा हाई स्कूल में भी फायरिंग

# निगम-मंडलों के अध्यक्ष हटते ही मंत्रियों ने संभाली कमान

## मंत्री राकेश शुक्ला, टेटवाल और जायसवाल ने निगमों का पदभार संभाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। CM डॉ. मोहन यादव लगातार पूर्ववर्ती शिवराज सरकार के कई फैसलों को बदलते जा रहे हैं। मंगलवार को सीएम मोहन यादव ने शिवराज सरकार में नियुक्त किए गए निगम, मंडल, प्राधिकरणों के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों को हटा दिया। सीएम के इस फैसले के बाद अब मंत्रियों ने निगम, मंडल और प्राधिकरणों का चार्ज लेना शुरु कर दिया है। इसकी शुरुआत नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने की है।**

मंत्री जायसवाल ने खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

मप्र सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने बुधवार को मप्र संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम एवं मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया। मप्र शासन ने बुधवार को ही इस संबंध में आदेश जारी किए और उसके कुछ ही घंटे बाद मंत्री



ने बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया।

### मंत्री टेटवाल ने रोजगार निर्माण बोर्ड अध्यक्ष का चार्ज लिया

बुधवार को कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड भोपाल की कार्यकारिणी के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान संचालक कौशल विकास तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड सोमेश मिश्रा और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

मंगलवार को सरकार ने निगम, मंडलों के 46 अध्यक्ष उपाध्यक्षों को हटाया मंगलवार देर रात प्रदेश के 46 निगम, मंडल और प्राधिकरणों के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की नियुक्तियां निरस्त कर दी गईं। इन सभी को कैबिनेट और राज्यमंत्रियों का दर्जा प्राप्त था। माना जा रहा है कि अब लोकसभा चुनाव के बाद नए सिरे से इन पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

### चुनाव हारने के बाद भी कई नेताओं का दर्जा बरकरार रहा

साल 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ बीजेपी में शामिल हुए विधायकों को उपचुनाव हारने के बाद शिवराज सरकार ने इस श्रेणी में मंत्री का दर्जा दिया था। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में इनमें से कई नेताओं के टिकट भी काट दिए गए लेकिन उनका मंत्री दर्जा बरकरार था। अब प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन के बाद दर्जा प्राप्त मंत्रियों को हटाया गया है।

### अब लोकसभा चुनाव के बाद 'एडजस्ट' किए जाएंगे नेता

अगले तीन महीने में लोकसभा चुनाव होने हैं। सूत्रों का कहना है कि इसके बाद ही मोहन सरकार निगम, मंडल और प्राधिकरणों में अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की नियुक्ति करेगी। जो नेता लंबे समय से उपेक्षित चल रहे हैं, उनको भी एडजस्ट किया जा सकता है। ऐसे भी नेताओं को मौका दिया जा सकता है, जो मजबूत दावेदार होने के बाद भी विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं हासिल कर पाए थे।

# भोपाल-ग्वालियर समेत 12 जिलों में कोहरा

## रीवा-सागर संभाग में बादल रहेंगे, कल से रात का तापमान लुढ़केगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के भोपाल, ग्वालियर समेत 12 जिलों में गुरुवार सुबह से कोहरा छाया रहा। इससे पहले बुधवार को सीधी जिले में हल्की बारिश भी हुई।**

गुरुवार को रीवा और सागर संभाग में बादल छाए रहेंगे। दिन का टेम्प्रेचर औसतन कम ही रहेगा। नमी की वजह से कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। सिस्टम गुजरने के बाद शुक्रवार से रात के टेम्प्रेचर में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

मौसम विभाग, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया



कि महाराष्ट्र के मराठवाड़ा संभाग के ऊपर चक्रवाती घेरा होने के साथ ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। इसके असर से मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की एक्टिविटी है।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि रीवा संभाग के आसपास लोकल लेवल पर चक्रवाती घेरा होने से भी मौसम बदला रहा। वहीं, दक्षिणी हवाएं एक्टिव होकर बंगाल की खाड़ी से नमी ला रही थीं। इससे बुधवार को भी कई शहरों में मौसम बदला रहा।

**रीवा-सतना, खजुराहो सबसे ठंडे-** बुधवार को रीवा, सतना और खजुराहो मध्यप्रदेश में सबसे ठंडे रहे। रीवा में दिन का टेम्प्रेचर 23.4 डिग्री सेल्सियस, सतना में 23.6 डिग्री और खजुराहो में 23.8 डिग्री सेल्सियस रहा। नौगांव और पचमढ़ी में भी पारा 25 डिग्री सेल्सियस से कम रहा।

सिवनी, बैतूल, धार, मंडला, खंडवा और खरगोन का तापमान सबसे अधिक रहा। यहां तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। खरगोन में सबसे ज्यादा 31.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 27 डिग्री, इंदौर में 27.2 डिग्री, ग्वालियर में 25.9 डिग्री, जबलपुर में 24 डिग्री और उज्जैन में पारा 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# अग्रसेन चौराहा से तीन इमली चौराहा तक बनेगा आदर्श रोड- महापौर

## 732.73 लाख की लागत से सडक सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि शहर में किया जा रहे विकास कार्यों की संख्या में आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक श्री राकेश शुक्ला गोलु द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 में रुपए 732.73 लाख की लागत से अग्रसेन चौराहा से नवलखा चौराहा होते हुए, तीन ईमली चौराहा तक सडक सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य मनीष मामा शर्मा, पार्षद मृदुल अग्रवाल, श्रीमती रूपा दिनेश पांडे, पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीमती शोभा रामदास गर्ग, अन्य जनप्रतिनिधि व बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल द्वारा आभार माना गया।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि आज बसंत पंचमी के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 में रुपए 732.73 लाख की लागत से अग्रसेन चौराहा से नवलखा चौराहा होते हुए, तीन ईमली चौराहा तक सडक सौन्दर्यीकरण कार्य का भुमिपुजन किया गया है, क्षेत्रीय विधायक श्री शुक्ला द्वारा अपनी विधान सभा के लिये लगातार सजग रहे जिसका परिणाम रहा है कि आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 में 2 आदर्श सडक का भुमिपुजन किया गया। महापौर ने कहा कि हमारी परिषद ने इंदौर की आगामी जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए, पेयजल व्यवस्था के साथ ही यातायात प्रबंधन हेतु प्लान तैयार किया जाकर, कार्य प्रारम्भ किया है, जिसके लिये निगम परिषद के गठन के सवा साल में इंदौर में मां नर्मदा के चौथे चरण को पारित कर अमलीजामा पहनाने का काम किया है। विधायक राकेश शुक्ला गोलु ने कहा कि मैं महापौर जी का हृदय से आभार करता हूँ, और यह विश्वास करता हूँ कि विधानसभा 3 को मॉडल विधानसभा बनाएंगे, मान. महापौर के निर्देशन में यह सडक इंदौर की सबसे अच्छी और आदर्श सडक बनेगी, इसी क्रम में आज मान. महापौर जी की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 में रुपए 394.93 लाख की लागत से रीगल चौराहा से मधुमिलन चौराहा तक तथा रुपए 732.73 लाख की लागत से अग्रसेन चौराहा से नवलखा चौराहा होते हुए, तीन ईमली चौराहा तक सडक सौन्दर्यीकरण कार्य का भुमिपुजन किया गया है।

## इंदौर के रेसीडेंसी एरिया के भू-सर्वेक्षण प्रारंभ करने की अधिसूचना जारी

### भू-सर्वेक्षण के दौरान नवीन अधिकार अभिलेख तैयार किया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले के जूनी इंदौर तहसील क्षेत्र के रेसीडेंसी एरिया को भू-सर्वेक्षण के अधीन अधिसूचित किया गया है। मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-सर्वेक्षण तथा भू-अभिलेख) के अनुसरण में कलेक्टर एवं जिला सर्वेक्षण अधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा भू-सर्वेक्षण प्रारंभ करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। आयुक्त भू-अभिलेख मध्यप्रदेश द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक भू-सर्वेक्षण 212023-2023, 12 मई 2023 जो कि राजपत्र में प्रकाशित की गई है। इसमें वर्णित क्षेत्र रेसीडेंसी एरिया भू-सर्वेक्षण के अधीन अधिसूचित किया गया है। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी ने बताया है कि भू-सर्वेक्षण के दौरान नवीन अधिकार अभिलेख तैयार किया जाएगा। जिसमें समस्त खातेदारों के नाम, उनके अंश, दायित्व तथा सुखाचार अधिकार अभिलिखित किए जाएंगे तथा ग्रामों के लिए निस्तार पत्रक तथा वाजिब-उल-अर्ज भी तैयार किया जायेगा। उन सभी व्यक्तियों से जो कि प्रभावित हो सकते हैं, उनसे यह अपेक्षा की गई है, कि वे उक्त सर्वेक्षण संक्रियाओं के दौरान अपने क्षेत्र में उपस्थित रहें तथा अभिनियोजित कर्मचारियों को सहयोग करें। भूमि में उनके स्वत्व, सीमाओं, अंशों, दायित्वों और अधिकारों को उपलब्ध कराएं। यह समस्त भूमिस्वामी के हित में होगा। भूमिस्वामी अपने दस्तावेजों को कलेक्टर कार्यालय के कक्ष कमांक 112 में 15 फरवरी 2024 से 01 मार्च 2024 (सोमवार से शुक्रवार) तक कार्यालयीन समय में जमा करायें। दस्तावेजों की जाँच उपरांत शासकीय अभिलेख का निर्माण किया जा सकेगा।

## दिव्यांगजनों को नौकरी देने के लिए प्रायवेट कम्पनियां आने लगी है आग

### रोजगार एवं स्वरोजगार मेले में 20 फरवरी को नौकरी देने के लिए 31 प्रायवेट कंपनियों/होटलों ने अपनी सहमति दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर कलेक्टर आशीष सिंह की पहल पर 20 फरवरी 2024 को जिले के दिव्यांगजनों के लिए रोजगार/स्वरोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में दिव्यांगजनों को नौकरी देने के लिए बड़ी संख्या में प्रायवेट कम्पनियां आगे आ रही हैं। दिव्यांगजनों को नौकरी देने के लिए अभी तक 31 कंपनियों/होटलों ने अपनी सहमति प्रदान की है। यह मेला ग्रामीण हाट बाजार ढक्कनवाला कुआँ इंदौर में प्रातः 09 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

मेले में नौकरी देने के लिए होटल लेमन ट्री, होटल शेरेटन ग्रैंड, होटल मैरियट, होटल सयाजी, होटल प्रेसिडेंट, होटल श्रीमाया ने प्रमुख रूप से अपनी सहमति दी है। इसी तरह निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित टेली परफॉर्मेंस, लाइफ स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड, मैक्स रिटेल प्राइवेट लिमिटेड, केमको च्यू फूड्स, राज वर्क इंडस्ट्रीज, विजयश्री पैकेजिंग, वन पाईट वन टीम, टीम एचआर, आइसीआइसीआइ डायरेक्ट, सक्सेस पॉइंट, एमजीसीआई इंस्टीट्यूट, अथर्व पैकेजिंग, ब्यूटी मार्ट, ईवा वॉटर प्यूरीफायर, शादी ब्याह.कॉम, रिलायंस स्मार्ट बाजार, फेवरेट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, समृद्धि एसोसिएट्स, क्रोमा, चाइस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड, विशाल मेगा मार्ट, थिंकिंग बींस प्राइवेट लिमिटेड, यस कंप्यूटेक, मैक्सियस टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधि भी मेले में उपस्थित रहकर दिव्यांगो को उनकी कार्य-कुशलता एवं शैक्षणिक योग्यता को दृष्टिगत रखते हुए नौकरी देंगे। इसी के साथ ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें स्वरोजगार की आवश्यकता है उन्हें विभिन्न विभागों के अंतर्गत स्वरोजगार के लिए संचालित योजनाओं का लाभ दिलाये जाने हेतु चिन्हांकित किया जायेगा।

## शिविर में 40 से अधिक बच्चों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

इंदौर। इंडेक्स अस्पताल के बाल चिकित्सा विभाग एवं इंडियन एकेडमी आफ पीडियाट्रिक (आईएपी)इंदौर शाखा के सहयोग से बाल हृदय चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कम उम्र के लोगों में हृदय रोग के बढ़ते खतरे को देखते हुए इंडेक्स अस्पताल द्वारा यह शिविर विभिन्न स्कूलों के बच्चों के लिए खासतौर पर आयोजित किया गया है। इसमें 40 से अधिक बच्चों की विभिन्न तरह की जांच इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा नि:शुल्क की गई। इसमें चिकित्सा अधीक्षक डॉ.स्वाति प्रशांत,बाल हृदय विशेषज्ञ डॉ.सिमरन जैन,आईएपी इंदौर के सचिव डॉ. सौरभ पिपरसानिया और डॉ. स्तुति गगरानी ने बच्चों की जांच की। शिविर में इंडेक्स अस्पताल 2डी इको द्वारा 40 से अधिक बच्चों की जांच की। इसमें सभी डॉक्टर्स ने स्कूली बच्चों के साथ शिक्षकों को को हृदय रोग के लक्षण और चिकित्सा उपचार कब लेना चाहिए, इसके बारे में जागरूक किया। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में बाल रोग विशेषज्ञ बाल हृदय रोग के मरीजों के लिए उपलब्ध रहेंगे।शिविर में बच्चों के लिए ब्लड से लेकर विभिन्न जांच की गई। बाल हृदय विशेषज्ञ डॉ.सिमरन जैन ने कहा कि कम उम्र के छात्रों में हृदय रोग के लक्षण देखने को मिल रहे है। इंडेक्स समूह चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया व वाइस चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया,डीन डॉ.जीएस पटेल डायरेक्टर आर एस राणवात,एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव ने इस शिविर की सराहना की।

### पांच दिवसीय दीक्षा महोत्सव का आगाज

## आचार्य विजयराज ने युवाओं को धर्म से जुड़ने का किया आव्हान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भोग - विलासिता के भौतिक युग मे सुख-सुविधा छोड़ कर साधु जीवन जीने का संकल्प लेने वाले मैसूर के अक्षय सहलोत (22 वर्ष), उड़ीसा के मोहित सखलेचा (18 वर्ष), कर्नाटक के सूरज कांकरिया (36 वर्ष) और छत्तीसगढ़ की सुश्री दीपासना चौपड़ा (28 वर्ष) की दीक्षा आचार्य विजराराज जी के द्वारा आगामी 18 फरवरी को बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में होने जा रही है। पाट बिठाई की रस्म के साथ ही आज इन चारों मुमुक्षुओं कर पांच दिवसीय दीक्षा महोत्सव का आगाज हुआ।

परिवारजनों एवं समाजजनों की उपस्थिति में आज बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में चारो दीक्षार्थियों की पाट बिठाई रस्म के साथ परिवार त्याग की शुरूआत हुई। शांतक्रान्ति महिला संघ इंदौर की सचिव श्रीमती नीत ललवानी ने बताया कि महावीर की जयजयकार और मंगलघोष के साथ ही आज दीक्षा महोत्सव का आगाज हुआ है। इस अवसर पर समाज जनों द्वारा चारों युवाओं का भाव स्वागत किया गया। प्रातः आयोजित धर्मसभा को आचार्य श्री संबोधित करते हुए बताया कि मनुष्य जीवन में मोक्ष प्राप्ति चरम लक्ष्य होता है। साधु जीवन मोक्ष प्राप्ति का मुख्य मार्ग बताया गया है। आचार्य श्री ने बताया कि ध्यान साधना के माध्यम से जीवन के सहनशीलता का विकास किया जा सकता है। शांतक्रान्ति संघ के मंत्री श्री सुशील भंडारी ने बताया कि संसार के मार्ग से वैराग्य मार्ग की और चलते हुए सारे सांसारिक सुखों को त्यागते हुए ये चारों युवा बिजली के उपकरण, मोबाइल लैपटॉप आदी का आजीवन त्याग, जीवन भर पैदल विहार, परिवार का त्याग करते हुए भगवान महावीर के बताए हुए सिद्धांतो पर चलते हुए स्वयं का और समाज के कल्याण पथ पर अग्रसर होंगे। शांतक्रान्ति जैन संघ के मीडिया प्रभारी श्री प्रकल्प जैन ने बताया कि आचार्य श्री के सानिध्य में इन युवाओं की जैन दीक्षा को सादगीपूर्ण तरीके से मनाने हेतु विरक्ति दीक्षा समिति द्वारा संघ के बैनर तले पांच दिवसीय कार्यक्रम किये जा रहे है। इस दौरान प्रतिदिन आचार्य श्री के प्रवचन प्रातः 9.15 बजे बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में आयोजित होंगे। दीक्षा समिति संयोजक संजीव लोढ़ा ने बताया कि 15 फरवरी को दिन में 1 बजे बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में चारों युवाओं की मेहंदी रस्म आयोजित होगी। इंदौर में आचार्य श्री विजयराज जी एवं उपाध्याय श्री जितेशमुनि जी महाराज के सानिध्य में दीक्षा आयोजित होने का यह प्रथम अवसर है। दीक्षा उपलक्ष्य में इस पंच दिवसीय समारोह में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु इंदौर में पधारने की संभावना हैं।

कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# अद्भुत है मंथरा उसका चरित्र और कृतित्व...।

## मंथरा गान की पांचवी कड़ी संपन्न हुई...








**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। गत दिवस मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के सभागार में, कविवर पंडित सत्यनारायण जी सत्तन द्वारा रचित खंडकाव्य मंथरा के प्रमुख पदों को स्वर मय कर प्रति मंगलवार को श्री पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। इसे मंथरा गान का नाम दिया गया है। पांचवी कड़ी के अवसर पर श्री नरहरि केकरें साहब संघ संचालक भामाशाह नगर के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी साहित्यकार श्री ज्ञानी जी द्वारा की गई। दीप जलन उपरांत डॉ शशि निगम एवं श्री रमेशथत्ते जी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। सरस्वती वंदना मधुर आवाज में डॉक्टर दीप्ति गुप्ता द्वारा प्रस्तुत की गई। तदुपरांत श्री पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा मंथरा के प्रमुख पदों का गायन स्वर देते हुए प्रस्तुत किया। पांचवी कड़ी में श्री पुष्प द्वारा मंथरा के कृतित्व की नई सोच एवं कर्म प्रधानता को प्रस्तुत किया गया साथ ही राम मय मंथरा का वर्णन किया गया जिसे सभी ने सराहा।मुख्य अतिथि के रूप में अपनी बात रखते हुए श्री नरहरि केकरे जी ने श्री पुष्प की प्रस्तुति एवं मंथरा के चरित्र तथा राम मय जग का जग सारा पर अपने विचार व्यक्त किये। वहीं अध्यक्ष उद्बोधन में श्री ज्ञानी जी द्वारा समाज में व्याप्त व्यवस्थाओं पर और सत्तन जी की पुस्तक पर चर्चा की मंथरा के कृतित्व की सराहना की। आभार व्यक्त करते हुए डॉक्टर पुष्पेंद्र दुबे द्वारा इस अनूठे आयोजन के लिए और इस आयोजन में उपस्थित होने के लिए सहभागिता करने के लिए सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। समिति की ओर से श्री अरविंद जवलेकर जी प्रधानमंत्री साहित्य समिति विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के संचालन का दायित्व संस्था काव्य रस के संस्थापक श्री राजेंद्र पांडे तपन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध जन साहित्यकार वरिष्ठ समाजसेवी एवं गणमानय नागरिकों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# हजारों बच्चों ने मनाया सच्चा प्रेम-दिवस

## हजारों लोगों की उपस्थिति में हुआ मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर । **बच्चों में अपने माता-पिता के प्रति आदरभाव के उत्तम संस्कारों का सिंचन हो, माता-पिता का अनुभव व आशीर्वाद लेकर उन्नत जीवन की ओर अग्रसर करने हेतु तथा 14 फरवरी को सच्चा प्रेम-दिवस मनाने के लिए पावन प्रेरणा से पिछले 14 वर्षों से देश-विदेशों में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ।**

पूर्व राष्ट्रपति सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, राज्यपाल आदि अन्य गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना की है ।



इसी क्रम में दशहरा मैदान ,इंदौर में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम मनाया गया । मुकेश पटेल द्वारा बताया गया कि ह्यह्यइस कार्यक्रम की शुरूआत दीप-प्रज्जलन, वैदिक मंत्रोच्चार, गुरु-प्रार्थना से हुई । तत्पचात गुरुकुल के विद्यार्थियों द्वारा माता पिता के प्रेम को दशार्ते हुए नर्त्य नाटिका हुए गीत प्रस्तुत किया गया । फिर शुरू हुआ मातृ-पितृ व गुरुजनों का पूजन । बच्चों ने अपने माता-पिता को आसन पर बिठा के तिलक किया, फूल-मालाएँ पहनायीं और परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की । यह देख माता-पिताओं की आँखें छलक उठीं और उन्होंने बच्चों को गले लगाकर शुभ आशीष दिया ।

कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकगण व पूरे जनसमूह ने उक्त आयोजन को खूब सराहा और भविष्य में ऐसे और भी आयोजन होते रहें, ऐसी इच्छा जाहिर की । बच्चों ने भी वेलेंटाइन डे के बजाय अपने माता-पिता और गुरुजनों का आदर-सम्मान करने के इस दिन को प्रत्येक साल मनाने का संकल्प लिया।

# बालिकाओ ने मनोहारी भरतनाट्यम नृत्य से सबका मन मोहा



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। उनकी उम्र 7 से लेकर 17 वर्ष थी और सभी नमन मुद्रा मे मनोहारी भरतनाट्यम नृत्य कर रही थी। मौका था बीमा नगर स्थित 13 दिवसीय भरतनाट्यम नृत्य कार्यशाला के समापन का । आयोजन उत्तर मध्य क्षेत्र केंद्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और वरदा कला संस्थान, इंदौर ने सयुंक्त रूप से किया था।

सभी बालिकाओ ने कला गुरु श्रुति राजीव शर्मा के निर्देशन में पहले हाथ जोड़कर देवी देवताओ को आह्वान कर पुष्पांजलि अर्पित की, उसके बाद श्लोकम् और गणेश कोदवम की सुंदर प्रस्तुति दी। संगीत की स्वर लहरियो पर भरतनाट्यम नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य डॉ, भरत शर्मा ने कहा कि भरतनाट्यम नृत्य में भारतीय संस्कृति निहित है जो हमें अध्यातम से सीधे जोड़ती है। यह हजारो वर्ष पुरानी एक ऐसी नृत्य शैली है जो गुरु शिष्य परम्परा पर आधारित है। अपने संबोधन मे मुख्य अतिथि वरिष्ठ फोटोग्राफर पदमश्री भालू मोंढे ने कहा कि भरतनाटयम नृत्य के जरिये समाज को पर्यावरण बचाने की सुंदर सीख दी जा सकती है। शाह ने कहा कि भरतनाट्यम नृत्य को और अधिक बढ़ावा मिलना चाहिए। पत्रकार प्रवीण जोशी ने कहा कि साधारण नृत्य नही है भरतनाटयम, यह एक कठिन और दक्षिण भारत की 2000 वर्ष पुरानी विधा है जो बगेर साधना और समर्पण के नहीं सीखी जा सकती है। इस मौके पर वरदा कला संस्थान की संचालिका और कला गुरु श्रुति राजीव शर्मा, डॉ स्मिता तिवारी और कला शिक्षिका अदिति बांगरे ने वरदा कला संस्थान की रजत जयंती स्मारिका वरदा निर्मल सुरभि का विमोचन अतिथियों से कराया।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले किसानों को कराना होगा अपना पंजीयन

## पंजीयन के लिए बनाये गये 61 पंजीयन केन्द

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इन्दौर**। इंदौर जिले में इस वर्ष भी किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जायेगी। इसके लिए किसानों के पंजीयन का कार्य शुरू कर दिया गया है। पंजीयन के लिए जिले में 61 केन्द्र बनाये गये हैं। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निदेर्शानुसार जिले में पंजीयन के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। पंजीयन का कार्य गत 05 फरवरी से शुरू हो गया हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 1 मार्च हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम. एल. मारू ने बताया कि पंजीयन तथा खरीदी कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उन्हें पंजीयन तथा खरीदी कार्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें किसानों को समय पर उनकी उपज के भुगतान संबंधी नियम और प्रक्रिया के बारे में बताया गया। बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में जिले में गेहूं उपार्जन के लिए 61 गेहूं पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। पंजीयन केन्द्रों के प्रबंधक, ऑपरेटर एवं विभागीय अधिकारियों को किसान पंजीयन से लेकर भुगतान की प्रक्रिया में शासन द्वारा किए गए बदलाव इत्यादि का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

# कमलनाथ से पूछा-सुमित्रा महाजन भाजपा में बुला रहीं कुछ देर खामोश रहे, फिर बोले- आप लोगों का क्या कहना है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा**। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बुधवार को छिंदवाड़ा पहुंचे। पूछा- सुमित्रा महाजन ने आपको कहा है, राम बोलो, भाजपा में आ जाओ?। इसके जवाब में कमलनाथ मुस्कुराए, कुछ देर खामोश रहे। फिर बोले, वो कह रही हैं, आप लोग क्या कह रहे हैं।

कमलनाथ, बेटे सांसद नकुलनाथ के साथ छिंदवाड़ा के 5 दिवसीय प्रवास पर आए हैं। कमलनाथ ने कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़कर भाजपा जाने के सवाल पर कहा, उनकी मर्जी और मंशा है। उन्होंने बैतूल में आदिवासी युवक की पिटाई पर कहा, पूरे प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे हैं। प्रदेश का आदिवासी असुरक्षित है।

## राज्यसभा जाने के बारे में सोचा नहीं

कमलनाथ से उनसे राज्यसभा जाने के बारे में बात की। उन्होंने कहा- मैंने इस बारे में सोचा तक नहीं। मैं विधायकों को हर विधानसभा सेशन में डिनर देता हूं। यह परंपरा बनी हुई थी। कई विधायकों ने कहा- आपने बुलाया नहीं तो मैंने कहा आ जाओ। उन्होंने सोनिया गांधी से मुलाकात के दौरान राज्यसभा को लेकर बातचीत पर कहा कि मेरी कोई बातचीत किसी से नहीं हुई है।



**विजयवर्गीय ने कहा था- कमलनाथ के लिए दरवाजे बंद-** कुछ दिन पहले इंदौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था- कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे बंद हैं। हम क्यों लेंगे भाई। कोई बाजार में जाएगा तो ताजा फल लेगा या बासा फल। जब उनसे पूछा कि अगर कमलनाथ आना चाहे तो, इस पर उन्होंने दो टूक कह दिया कि उनके लिए दरवाजे बंद है।

**सुमित्रा महाजन ने दिया था कमलनाथ को ऑफर-** विजयवर्गीय के बयान के बाद पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और बीजेपी की सीनियर नेता सुमित्रा महाजन ने कांग्रेस नेता कमलनाथ को ऑफर दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर कमलनाथ का विकास में विश्वास है और वे आना चाहते हैं, तो राम का आशीर्वाद लें और आ जाएं। आकर यहां काम करें। मैं तो चाहती हूं कि जो भी आना चाहते हैं, हमारे साथ आ जाएं।

# विधानसभा में जल जीवन मिशन पर हंगामा

## ओला-पाला से फसलों के नुकसान पर हुई चर्चा कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इसी के साथ बजट सत्र का अवसान हो गया।**



मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि स्वस्थ वातावरण में पक्ष और विपक्ष ने अपनी बात रखी है। विधानसभा अध्यक्ष ने निष्पक्ष होकर पक्ष और विपक्ष को बोलने का मौका दिया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को धन्यवाद दिया। इससे पहले बुधवार को सदन में जल जीवन मिशन पर जमकर हंगामा हुआ। प्रदेश में ओला-पाला से फसलों को हुए नुकसान पर भी सदन में चर्चा हुई। विपक्ष ने तुरंत सर्वे कराकर नुकसान की भरपाई कराने की सरकार से मांग की। जिस पर सरकार ने कहा कि सर्वे का काम शुरू हो चुका है। बैतूल में आदिवासी को उल्टा लटकाकर पीटने का मामला भी सदन में गूंजा।

**जल जीवन मिशन में करोड़ों की गड़बड़ी का आरोप-** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के कामों में हजारों करोड़ की गड़बड़ी हुई है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से आग्रह किया विधानसभा स्तर की जांच समिति गठित कर प्रदेश स्तर पर जांच कराई जाए। इस पर मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि संवेदनशीलता पर प्रश्न ना उठाएं। केंद्र से इतना पैसा आया है कि यहां मेन पावर ही नहीं है। गुणवत्ता को लेकर केंद्र ओर राज्य दोनों सरकार गंभीर हैं। सभी को पलीता न लगाएं। यदि कोई स्पेसिफिक काम हो तो उसको उठाएं।

**सिंघार ने आदिवासी की पिटाई का मामला उठाया-** कांग्रेस ने बैतूल में आदिवासी को उल्टा लटकाकर पीटने का मामला भी उठाया। सिंघार ने सीएम डॉ. मोहन यादव से कहा, गृह विभाग आपके पास है। आपका उसको लेकर कोई ध्यान नहीं है। इस तरह की घटनाएं मध्य प्रदेश में घटित हो रही हैं जो शर्मनाक हैं।

**ओला, पाला से फसलों के नुकसान पर सदन में चर्चा-** विधानसभा में ओला पाला पर चर्चा हुई। कांग्रेस विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने डिंडौरी जिले का मामला उठाया। उन्होंने मांग की है कि नुकसान का सर्वे कर गरीबों को राहत राशि दी जाए। कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत ने कहा कि जिन किसानों की फसलों का नुकसान हुआ है, उनके बिजली बिलों और बैंकों की बकाया वसूली रोकी जाए। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि 148 करोड़ रुपए का वितरण वर्ष 2023-24 में ओला पीड़ितों को किया गया है। जहां ओला वृष्टि हो गई वहां सर्वे दल का गठन कर सर्वे कराया जा रहा है।

**विजयवर्गीय बोले- वैलेंटाइन डे ने सब गड़बड़ कर दिया-** संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सभी को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। विजयवर्गीय बोले, वसंत ऋतु श्रृंगार से जुड़ा है, लेकिन वैलेंटाइन डे ने सब गड़बड़ कर दिया। हमारे यहां वसंत पंचमी पर प्यार का इजहार हो रहा है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद सभी एक-दूसरे से गले मिलें, तभी प्यार का इजहार होगा।

# संत उमेशनाथ बोले-राज्यसभा की एबीसीड़ी नहीं आती

### लोग बधाई देने आए, तब पता चला कि भाजपा ने उम्मीदवार बनाया; सबके लिए अच्छा करूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। मध्यप्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने चारों प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन, उमेशनाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर शामिल हैं। वोटों के गणित के हिसाब से इन चारों का राज्यसभा के लिए चुना जाना तय माना जा रहा है। बीजेपी उम्मीदवार उमेशनाथ महाराज ने कहा कि उन्हें राज्यसभा की एबीसीड़ी भी नहीं पता है। सुबह पूजन के दौरान कुछ लोग बधाई देने आए, तब पता चला कि उनका नाम राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित हुआ है।**



उज्जैन के वाल्मीकि धाम आश्रम के प्रमुख पीठाधीश्वर बाल योगी संत उमेशनाथ महाराज ने कहा, पद की गरिमा बनी रहे, सामाजिक समरसता और धर्म के लिए इसी तरह काम करता रहूंगा। वे बोले, सबके लिए अच्छा ही करूंगा। कुछ बिंदुओं को समझना अति आवश्यक है, इसलिए समझना और समझाना चलता रहेगा। वे गुरुवार को नामांकन भरने के लिए भोपाल विधानसभा पहुंचेंगे। 2016 में सिंहस्थ के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाल योगी संत उमेशनाथ महाराज के साथ समरसता नहान किया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी साथ थे।

## कांग्रेस सरकार में रहे दर्जा प्राप्त मंत्री

उमेशनाथ महाराज वाल्मीकि समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों में उनकी पैठ है। कांग्रेस शासनकाल में इन्हें राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त था। 8 राजकीय सम्मान भी मिल चुके हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक उनका आशीर्वाद लेने आ चुके हैं।

## 2 मार्च को बदनावर आएंगे राहुल गांधी

### न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**बदनावर**। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2 मार्च को मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर पहुंचेंगे। राहुल गांधी की न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर कांग्रेस नेताओं ने बैठक की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार ने बताया कि ढोलाना, बदनावर से मुलथान तक कई मंचों से राहुल गांधी की न्याय यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

## ग्वालियर के डबरा में छात्रा लापता

**ग्वालियर**। जिले के डबरा में मंगलवार शाम को घर से कोचिंग के लिए निकली 15 वर्षीय छात्रा लापता हो गई। पिता ने उसकी तलाश शुरू की तो घर में सुसाइड नोट मिला। वे थाने पहुंचे। इसी दौरान पुलिस को सुचना मिली की सिंध नदी के पुल से कोई छात्रा कूदी है। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे तो वहां छात्रा के जूते मिले। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम नदी में छात्रा को ढूंढने का प्रयास कर रही है।

## सतना में मिट्टी धंसने से दो मजदूर दब, जेसीबी की मदद से निकालकर अस्पताल पहुंचाया

**सतना**। जिले के चित्रकूट में मिट्टी धंसने से दो मजदूर दब गए। तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर उन्हें निकाला गया। दोनों को मेडिकल जांच और इलाज के लिए जानकीकुंड अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक, चित्रकूट के अक्षयवट इलाके में सीवर लाइन का काम चल रहा है। बुधवार दोपहर काम के दौरान मिट्टी धंसने से एक मजदूर करीब 30 फुट गहरे गड्ढे में जा गिरा। उसे बचाने की कोशिश में दूसरा मजदूर भी गिर गया। दोनों मिट्टी के नीचे दब गए। जेसीबी मशीन और अन्य मजदूरों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया।

## करणी सेना का जिला अध्यक्ष दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

**बड़वाह**। करणी सेना खरगोन के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह सोलंकी को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 19 वर्ष की एक युवती ने उसके खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। युवती ने जो रिपोर्ट की है। उसके अनुसार 26 अक्टूबर से विक्रम सिंह सोलंकी उसके संपर्क में था। घर और ऑफिस में वह उसके साथ संपर्क बनाता था। 6 मार्च तक उसने उसके साथ संबंध बनाए। 17 जनवरी को आर्य समाज मंदिर इंदौर में शादी की थी। उसे होटल में रखा था। अब मारपीट करके उसे भगा दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

**सागर में छात्र को कांच मारा, आरोपी को पीटा- सागर।** इमानुअल स्कूल के पास बुधवार दोपहर छात्र पर मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति ने कांच से हमला कर दिया। वह छात्र की जान लेने की कोशिश में था। राहगीरों ने छात्र को बचाया। 14 वर्षीय छात्र को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद परिजन और लोगों ने व्यक्ति के साथ मारपीट की। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

## Maharashtra

# लव अफेयर में दो हिस्ट्रीशीटर का मर्डर... गर्लफ्रेंड ने ब्रेकअप कर दूसरे लड़के से कर ली थी दोस्ती

**नागपुर, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के नागपुर में वैलेंटाइन डे पर लव अफेयर के चलते हुए विवाद में दो लोगों की हत्या कर दी गई. पुलिस का कहना है कि दोनों का आपराधिक रिकॉर्ड था. इस मामले में केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है. दो घटनाओं के बाद इलाके में दहशत फैल गई.

एजेंसी के मुताबिक, 25 वर्षीय सूरज उर्फ बिहारी अमीर महतो हाल ही में दो साल की सजा काटने के बाद वर्धा जेल से रिहा हुआ था. वह अजनी पुलिस स्टेशन के एरिया में नाइक नगर में घूम रहा था. उसी दौरान चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी गई. पुलिस का कहना है कि इस मामले में नाइक नगर इलाके से 26 वर्षीय विपिन राजकुमार गुप्ता, 26 वर्षीय अनिल और 27 वर्षीय विजय को गिरफ्तार किया गया. प्रारंभिक जांच के अनुसार, विपिन राजकुमार गुप्ता का एक लड़की के साथ प्रेम संबंध चल रहा था. लड़की ने गुप्ता से रिलेशन खत्म कर लिया था. इसके बाद लड़की ने बिहार के साथ दोस्ती कर ली थी. बिहारी ने हाल ही में गुप्ता को चेतावनी दी थी कि वह लड़की से दूर रहे. इसी को लेकर दोनों में दुश्मनी हो गई थी. पुलिस ने बताया कि बिहारी जब बाइक से जा रहा था, उसी दौरान उस पर आरोपियों हमला कर दिया. इस दौरान बिहारी भागा और एक घर में जाकर छिप गया, लेकिन हमलावरों ने उसे पकड़ लिया और चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी.

### पंचपावली इलाके में हुई दूसरी घटना

वहीं दूसरी घटना पंचपावली इलाके की है. यहां प्रेम प्रसंग के विवाद को सुलझाने की कोशिश के दौरान तांडापेठ निवासी अभिषेक उर्फ भांजा संजय गुलाबे पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया. इसके बाद अभिषेक को गंभीर हालत में मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान अभिषेक ने दम तोड़ दिया. 23 वर्षीय अभिषेक का आपराधिक रिकॉर्ड था. इस मामले में पुलिस ने 28 वर्षीय रोहित सुनील नाहरकर, 30 वर्षीय श्याम बाबू कुसेरे और 20 वर्षीय राजकुमार लचलवार को गिरफ्तार किया है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

## Gujrat

# राम मंदिर के लिए 11 करोड़ रुपये दान देने वाले डायमंड कारोबारी जाएंगे राज्यसभा, BJP ने बनाया कैंडिडेट

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात से चार लोगों को राज्यसभा चुनाव के लिए कैंडिडेट बनाया है। इनमें पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा प्रमुख हीरा कारोबारी गोविंदभाई ढोलकिया का भी नाम शामिल है। बीजेपी द्वारा जारी कैंडिडेट लिस्ट में ढोलकिया का नाम नड्डा के बाद दूसरे नंबर पर रखा गया है। लिस्ट में मयंकभाई नायक और जसवंत सिंह सलामसिंह परमार को भी जगह दी गई है।

गोविंदभाई ढोलकिया सूरत के बड़े डायमंड कारोबारी हैं। इन्होंने अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए 11 करोड़ रुपये का दान दिया था। ये श्री रामकृष्ण एक्सपोर्ट्स के संस्थापक हैं। ढोलकिया लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे हैं। वह 1992 के राम मंदिर आंदोलन से भी जुड़े रहे हैं। ढोलकिया अपने कर्मचारियों को दीवाली पर कार और घर जैसे महंगे तोहफे देने के लिए मशहूर हैं। वह कई सालों से ऐसा करते आ रहे हैं। अब वह संसद के उच्च सदन में गुजरात से बीजेपी की नुमाइंदगी करेंगे।

गोविंदभाई ढोलकिया को लोग प्यार से काका कहकर पुकारते हैं। उनका जन्म 7 नवंबर 1947 को गुजरात के सूरत जिले के दुधाला गांव में हुआ था। अप्रैल 1964 में उन्होंने मात्र 17 साल की उम्र में हीरा कारोबार में कदम रखा था। उन्होंने तब हीरे की कटाई और उसकी पॉलिशिंग से इसका कारोबार शुरू किया था, जो आज की तारीख में डायमंड इंडस्ट्री के टायकून बन चुके हैं।

राज्यसभा की 56 सीट के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। जरूरत पड़ने पर 27 फरवरी को मतदान कराया जाएगा।

## Chhattisgarh

# सात फेरे लेने वाली पत्नी ने पहले पति को उतारा मौत के घाट, फिर तालाब किनारे गड्ढा खोदकर कर दिया दफन

**कवर्धा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ की कवर्धा पुलिस ने एक शख्स की हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए लोगों में मृतक की पत्नी और उसका ससुर भी शामिल है. हत्या की वारदात को अंजाम पत्नी ने दिया. महिला ने जिस शख्स की हत्या की वो उसका पहला पति था. हत्या की वारदात में महिला का दूसरा पति और उसका पिता भी शामिल थे. पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

SDOP पंकज पटेल के मुताबिक, पंडरिया के रहने वाले सुरेश मरावी की शादी सुखबती से 2 साल पहले हुई थी. शादी को दो साल तो ठीक ठाक गुजरे कि उसके बाद दोनों के बीच आए दिन विवाद होने लगा. विवाद बढ़ा तो पत्नी सुखबती अपने मायके आकर रहने लगी.

इस दौरान मृतक सुरेश मरावी काम के सिलसिले में बाहर चला गया. सुखबती ने इस दौरान किसी और से विवाह कर अपना घर बसा लिया. सुरेश को जब इस बात का पता चला तो उसने घर जाकर खूब विवाद किया.

## Uttarpradesh

# आगरा से रुपये भरा ATM उखाड़ ले गया राजस्थान का गैंग, चलती गाड़ी में निकाला था कैश बॉक्स

**आगरा, (एजेंसी)** आगरा के कागारौल क्षेत्र से 30 लाख रुपये से भरा स्टेट बैंक का एटीएम राजस्थान का गैंग उखाड़कर ले गया था। पुलिस और एसओजी ने वारदात का खुलासा किया है। तीन बदमाश पकड़े गए हैं। चार फरार हैं। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक कार और 3.67 लाख रुपये बरामद हुए हैं। बदमाश वारदात के लिए गूगल मैप से एटीएम चिह्नित करते थे। ऐसे एटीएम को चिह्नित करते थे जहां आने-जाने वाले रास्ते में कोई टोल नहीं पड़े। सात जनवरी की रात कागारौल थाने से महज 800 मीटर दूर वारदात हुई थी। बदमाश एटीएम उखाड़कर ले गए थे। खाली एटीएम फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में सिकरौदा नहर में मिला था। उसमें भरा कैश बदमाश निकाल ले गए थे। डीसीपी पश्चिम सोनम कुमार ने बताया कि बदमाशों को पहले ही चिह्नित कर लिया गया था। उन्हें पकड़ने में इतना समय लग गया। गैंग ने आगरा से पहले चूरू और नागौर में इसी अंदाज में वारदात को अंजाम दिया था। एसीपी पश्चिम सोनम कुमार ने बताया कि बदमाशों ने चलती गाड़ी में एटीएम से कैश बॉक्स निकाल लिया था। शेष एटीएम सिकरौदा नहर में फेंक गए थे। कैश बॉक्स सीमा में घुसने के बाद काटा। वारदात में सात बदमाश शामिल थे। जिला नीमकाथाना (राजस्थान) निवासी विष्णु कुमार सैनी, अलवर निवासी नरेश उर्फ दिनेश मीणा और जयपुर निवासी संतोष सैनी को गिरफ्तार किया है।

## खेल

# एशिया टीम चैंपियनशिप में पीवी सिंधू की जीत के साथ वापसी, भारत ने चीन को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद शानदार वापसी की है। बुधवार को भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया। सिंधू ने जीत के साथ शुरुआत की। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने के कारण पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जीत सुनिश्चित थी, लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर सिंधू ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता 28 साल की सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है।




### →तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी हारी

तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई जिससे तीन मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इसके बाद ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को एक घंटे और नौ मिनट में 10-21 21-18 21-17 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई।

### →अनमोल खरब ने वू लियो यू को हराया

निर्णायक मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने दुनिया की 149वें नंबर की वू लियो यू को एक घंटे और 17 मिनट में 22-20 14-21 21-18 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। भारतीय पुरुष टीम बुधवार को ग्रुप ए लीग मैच में हांगकांग से भिड़ेगी।

## सिनेमा

# मलयालम फिल्मों के डायरेक्टर की मौत, घर में मिला शव



फिल्म इंडस्ट्री से एक के बाद एक बुरी खबर सामने आ रही है. मंगलवार को सिंगर मल्लिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर सामने आई थी. सिंगर का शव उनके घर में कमरे के पंखे से लटका मिला था. अब मलयालम फिल्म इंडस्ट्री से चौंकाने वाली खबर सामने आई है. मलयालम फिल्मों के डायरेक्टर प्रकाश कोलेरी की मौत हो गई है. प्रकाश का शव उनके केरल के वायनाड जिले में स्थित उनके घर में मिला.

65 साल के प्रकाश कोलेरी के शव को मंगलवार, 13 फरवरी को उनके घर में पाया गया था. रिपोर्ट्स के मुताबिक, डायरेक्टर अपने घर में अकेले रहते थे. उनके पड़ोसियों ने उन्हें दो दिनों से नहीं देखा था. ऐसे में लोगों को शक हुआ कि कुछ गड़बड़ हो सकती है. उन्होंने उनके घर का दरवाजा तोड़ छानबीन की. इसी दौरान पड़ोसियों ने उन्हें घर में मृत पाया. ऐसे में तुरंत पुलिस को सूचित किया गया. पुलिस ने प्रकाश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. प्रकाश कोलेरी की मौत का कारण अभी सामने नहीं आया है.

## संपादकीय

# सरकार की नीति बनी संघर्ष की जड़

करीब दो वर्ष पहले किसानों ने जब अपने आंदोलन के तहत दिल्ली की सीमाओं पर डेरा डाला था, तब कई महीनों तक प्रदर्शन के बाद सरकार के साथ कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी और किसान वापस गए। मगर अब एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कानून की मांग सहित कई अन्य मुद्दों के साथ किसानों ने 'दिल्ली चलो' के नारे के साथ प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सवाल है कि आखिर किसानों के पिछले आंदोलन के बाद सरकार के साथ हुए समझौते का क्या स्वरूप था और उसमें बनी सहमति को जमीन पर उतारने को लेकर ऐसी गंभीरता क्यों नहीं दिखी कि किसानों को फिर से सड़क पर उतरने की नौबत आई। गौरतलब है कि दो वर्ष पहले किसानों के ऐतिहासिक आंदोलन के बाद केंद्र सरकार को संसद से पारित तीन कृषि कानूनों को रद्द करना पड़ा था। तब सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी देने का वादा किया था। मगर किसानों की शिकायत है कि सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए। अब किसानों के ताजा आंदोलन के बाद फिर जो हालात पैदा हो रहे हैं, अगर उसे लेकर सही नीति नहीं अपनाई गई तो सड़कों पर अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती है। विचित्र यह भी है कि सरकार की ओर से किसानों को रोकने के लिए जिस तरह सड़क पर कीलें लगाने और बाधाएं खड़ी जैसे उपाय किए गए हैं, उसे एक तरह से विरोध प्रदर्शन को बाधित करने की तरह देखा जा रहा है। जबकि एक स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी को अपने वाजिब मुद्दों के लिए विरोध जताने या प्रदर्शन करने का अधिकार होना चाहिए। यह सरकार के लिए सोचने का वक्त है कि आखिर पिछले आंदोलन के दौरान बनी सहमति के बिंदुओं को लागू करने को लेकर कहां चूक या लापरवाही हुई कि किसान संगठन फिर से अपनी मांगों के साथ सड़क पर आ गए। संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि ताजा प्रदर्शन के जरिए वे सरकार को दो वर्ष पहले किए गए उन वादों को याद दिलाना चाहते हैं, जो आंदोलन को वापस लेने की अपील करते हुए सरकार ने किए थे। वे वादे अब तक पूरे नहीं हुए। वहीं सरकार की ओर से ऐसे संकेत दिए जा रहे हैं कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी वाला कानून सभी हितधारकों से परामर्श किए बिना जल्दबाजी में नहीं लाया जा सकता है। सवाल है कि वादा करने के बावजूद सरकार आखिर अब तक क्या कर रही थी कि इस मसले पर किसानों के बीच स्पष्टता नहीं बन सकी? हालांकि विरोध प्रदर्शन से उपजने वाली अव्यवस्था की आशंका के मद्देनजर सरकार किसानों को रोकने की कोशिश कर रही है, लेकिन अगर किसान संगठन अपनी बात शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से जनता और सरकार के सामने रखना चाहते हैं, तो उन्हें बाधित क्यों किया जाना चाहिए? फिर किसान संगठनों को भी यह खयाल रखने की जरूरत है कि उनके आंदोलन की वजह से कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति और आम जनता के सामने मुश्किलें न पैदा हों। गौरतलब है कि दिल्ली की सीमाओं पर किसानों के जमावड़े की वजह से आम जनता के सामने कई प्रकार की दिक्कतें खड़ी होनी शुरू हो गई हैं। जरूरत इस बात की है कि हालात जटिल होने से पहले सरकार किसान संगठनों से बातचीत का रास्ता निकाले और सहमति के बिंदु तैयार करे।

### अर्ज किया है..!

*इश्क़ में तहज़ीब के हैं*
*और ही कुछ फ़लसफ़े*
*तुझ से हो कर हम ख़फ़ा*
*ख़ुद से ख़फ़ा रहने लगे*

-आलम ख़ुर्शीद

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...


**जिसके साथ साधु है, उसे स्वर्ग की क्या जरूरत है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# मंगल ग्रह पर लगा सूर्य ग्रहण

## पृथ्वी के ग्रहण से ठीक दो महीने पहले दिखा, वैज्ञानिक भी हो गए हैरान



**वॉशिंगटन।** साल 2024 में कई ग्रहण देखने को मिलेंगे। चंद्र ग्रहण के साथ सूर्य ग्रहण जैसी खगोलीय घटनाओं का यह साल गवाह बनेगा। सूर्य ग्रहण तब लगता है जब चंद्रमा पृथ्वी के बीच आ जाए और सूर्य के प्रकाश को रोक दे। अप्रैल में अमेरिका में सूर्य ग्रहण लगेगा। लेकिन सिर्फ पृथ्वी नहीं है, जहां पर सूर्य ग्रहण लगता है। सौर मंडल के दूसरे ग्रहों पर भी इस तरह का ग्रहण लगता है। अमेरिका में लगने वाले सूर्य ग्रहण से पहले मंगल पर इस तरह का एक ग्रहण लगा है। मंगल पर मौजूद नासा के पर्सीवरेंस रोवर ने इस ग्रहण को देखा है।

पिछले सप्ताह नासा के पर्सीवरेंस रोवर की ओर से खींची गई तस्वीरों के टाइमलैप्स में लाल ग्रह के छोटे चंद्रमा फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देखा गया, जो एक आकर्षक दृष्य बनाता है। मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर में यह रोवर 2021 में उतरा था। इसने 8 फरवरी को सूर्य के सामने से अजीब आकार वाले छोटे चंद्रमा को गुजरते देखा। नासा की जेट प्रोपल्शन लैबोरेटरी के इंजीनियरों ने बाद में सूर्य ग्रहण की 68 तस्वीरों को ऑनलाइन अपलोड किया।

### पृथ्वी जैसा नहीं होता मंगल पर ग्रहण

रोवर के बाएं मास्टकैन-जेड कैमरा ने इसे खींचा। पिछले सप्ताह यह कैमरा आसमान की ओर देख रहा था। तभी इसे उल्कापिंड के आकार का फोबोस चंद्रमा दिखाई दिया। पृथ्वी की ही तरह सौरमंडल के दूसरे ग्रहों के भी चंद्रमा है, ऐसे में उन ग्रहों पर भी सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण लग सकता है। लेकिन सौरमंडल के ज्यादातर ग्रहों के चंद्रमा या तो बेहद छोटे हैं या फिर काफी दूर हैं, जिस कारण एक पूर्ण सूर्य ग्रहण नहीं हो सकता। 8 अप्रैल को पृथ्वी पर एक पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखाई देगा।

### पहले भी दिखाई देता रहा है ग्रहण

अप्रैल में पृथ्वी पर सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। अमेरिका में यह ग्रहण होगा, जिस कारण कुछ मिनटों के लिए अंधेरा छा जाएगा। इसका कारण हमारे चंद्रमा का विशाल आकार है। वहीं अगर मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस की बात करें तो यह लंबाई में सिर्फ 27.3 किमी है, जिससे सूर्य पूरी तरह नहीं ढक सकता। सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के ग्रह भूविज्ञानी पॉल बर्न ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। पिछले 18 वर्षों में मंगल पर कई रोवर फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देख चुके हैं। 2004 में स्पिरिट और अपॉर्चुनिटी ने सबसे पहला अवलोकन किया था।

## Highlights

1. Congress Election Committee Meets on Karnataka LS Candidates
2. Farmers' 'Jugaad' To Counter Cops Amid 'Delhi Chalo' March
3. Tejashwi's aide Sanjay gets RS ticket, to make Parliament debut
4. UAE mandir has added to Ayodhya joy: PM Modi
5. Bihar: 'Dead' woman comes back to life due to 'natural CPR'
6. 4 students killed in firecracker blast during college event in UP

# Nvidia surpasses Alphabet, Amazon to become world's third most valued company

**NEW DEIHI, (Agency).** Nvidia on Thursday surpassed Google's parent company Alphabet Inc in market value just a day after zooming past Jeff Bezos' Amazon, becoming the third most valued company in the world. Now, Nvidia's market value is only behind Apple and Microsoft.

AI chipmaker Nvidia recorded immense growth on Wednesday, owing to investors' anticipation over its upcoming quarterly reports. The company's stock rose 2.46%, putting its value at $1.825 trillion, while Alphabet's stock climbed 0.55%, leaving it with a value of $1.821 trillion.

Nvidia has been a top beneficiary of technology companies' race to build AI into their products and services, just as big tech companies like Google and Amazon are making hefty investments in their artificial intelligence (AI) initiatives.



The company's latest gain in stock came just a day after it ended a session with a market capitalisation above Amazon's for the first time in two decades. Amazon's market capitalization was $1.776 trillion after its stock rose 1.39% on Wednesday.

Nvidia controls about 80% of the high-end AI chip market, a position that has boosted its stock price 47% this year after it more than tripled in 2023. Customers face shortages of Nvidia's top-of-the-line components while AI developers face months-long waiting lists to use its processors through cloud-computing providers.

Nvidia has been dominating Wall Street over the last six months when it comes to AI companies, being one of the overall top gainers of 2023. However, most of its recent growth is owed to its impending quarterly reports.

# How Valentine's Day 2024 was a blessing for both lovebirds and businesses

**NEW DEIHI, (Agency).** Valentine's Day, also known as festival of love, was celebrated across India and the world. Wednesday turned out to be highly profitable for quick-commerce and food delivery platforms in the country, thanks to the lovebirds purchasing record number of roses, chocolates, cakes and other goodies for their loved ones.

Albinder Dhindsa, chief executive officer of Zomato-owned platform Blinkit, told Moneycontrol that the company hit its highest ever orders in a day. According to the CEO, the platform registered its highest ever orders per minute as of 6:30 pm on Valentine's Day.



Swiggy delivered 409 cakes per minute on Valentine's Day 2024, says CEO

Blinkit, in its filings, had said that 32 per cent of all orders on the Valentine's Day were gift orders. The platform delivered at an average of 6.2 lakh orders a day in the third quarter ending last December, the Moneycontrol report added.

Zomato's rival Swiggy also had a similar performance. Its instant delivery service Instamart is set to break its own records, a spokesperson told the website.

On February 14, roses witnessed the biggest spike in order as compared to the previous day on Swiggy. The next in line included Plants, gifting cards, teddies, perfumes, gadgets, chocolates, condoms and cakes, the report added.

# रात को कचरा फेंकने निकला, सुबह मिला शव

## रातभर परिजन करते रहे इंतजार, हत्या का शक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विदुर नगर में गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिला। बाइक भी पास में खड़ी थी। सिर में दो जगह चोट के निशान हैं। युवक का शव जहां मिला है वहां से उसके घर की दूरी लगभग 1 किलोमीटर है।जानकारी के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया है।**

मृतक के भाई हुकुम सिंह ने पुलिस को बताया कि बुधवार देर रात पत्नी पूजा ने कॉल किया। उसने बताया कि रात 11 बजे खाना खाने के बाद रूप सिंह कचरा फेंकने गया था। इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। काफी देर तक परिवार के लोग इधर उधर ढूंढते रहे। सुबह शराब माफिया चाची के ठिये के आगे पुलिया पर रूप सिंह का शव पड़ा मिला। घटनास्थल पर परिजन सुबह 5 बजे पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।

घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक युवक रूप सिंह राठौर (बंजारा) (28) बुधवार रात से लापता था। गुरुवार को उसका शव विदुर नगर और चंदन नगर से जोड़ने वाले रास्ते पर पड़ा मिला। रूप सिंह की शादी हो गई है। एक छोटा बच्चा है। वह गद्दे और रजाई बनाने का काम करता था। पूरा मामला संदिग्ध लगा रहा है। मामले में जांच की जा रही है।

# लव जिहाद की सूचना पर युवक को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एमआईजी इलाके में बुधवार रात लव जेहाद की सूचना पर हिदूं वादियों ने एक बिल्डीग के फ्लैट से संदिग्ध अवस्था में युवक युवती को पकड़ा। हिदूंवादी यहां लव जेहाद की सूचना पर पहुंचे। पूछताछ में उसने पहले अपना नाम हिंदू बताया। लेकिन उसके डॉक्यमेंट चेक किये तो वह दूसरे धर्म का निकला। रात में उसे एमआईजी पुलिस के सुपुर्द किया। युवती ने इस मामले में शिकायत दर्ज नही कराई है। पुलिस ने प्रतिधांत्मक धाराओं में युवक पर केस दर्ज किया है। गुरूवार को युवती की काउसलिंग की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक अनोप नगर के पास एक बिल्डीग में युवक युवती को बजरंगी थाने लेकर पहुंचे। हिदूं वादियो का आरोप था कि युवक दूसरे धर्म से जो हिदूं युवती के साथ आपति जनक स्थिती में मिला है। हिदूंवादियो ने युवक से उसका नाम पता पूछा तो उसने अमन उर्फ विक्की यादव निवासी रोबोट चौराहा नाम बताया। पूछताछ के दौरान उसने एक हिदूंवादी के हाथ पर काट लिया ओर भागने की कोशिश करने लगा। इसके बाद भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी। हिंदूवादियो का आरोप है कि युवक के पास से जो आईडी मिली है उसमें उसका नाम कुबेर खान है।

### हिमाचल प्रदेश की है युवती

पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक जिस लडक़ी हिदूंवादी थाने लेकर आए। वह दूसरे प्रदेश से इंदौर में आई है। एमआईजी इलाके में वह किराये से फ्लैट में रहती है। खुद को अमन बताने वाला युवक उसके अपनी बहन बता रहा था। लेकिन पूछताछ में युवती का पूरा नाम नही बता पाया। रात में युवती ने एफआईआर कराने से इंकार किया है। उसे रात में पुलिस ने घर भेज दिया। महिला अफसर से गुरूवार को उसकी कांउसलिंग कराई जाएगी।

### मेघदूत गार्डन पर हंगामा

इधर हिंदूवादियों ने रात में मेघूदत गार्डन पर शोएब नाम के युवक को भी पकड़ा। वह यहां एक हिंदू लडक़ी को लेकर आया था। शोएब ने अपना नाम सचिन बताया। उसने बताया कि वह अरविंदों के यहां किराए से रहता है। वही फार्मा कंपनी में काम करता है। उसने डर के चलते युवती को गलत नाम बताया। शोएब मूल रूप से झाबुआ का रहने वाला है। हालांकि उसे भी थाने ले जाया गया। लेकिन शिकायत नही होने के चलते उसे छोड़ दिया गया।

# कंपनी मालिक ओर बेटी को बम से उड़ाने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राउ इलाके की एक कंपनी के मालिक ओर उसकी बेटी को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी कंपनी में मैनेजर के मोबाइल पर टेक्स्ट मैसेज कर भेजी गई है। इस मामले में मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक अंकित पाटीदार अपनी बुआ के लडक़े सचिन सुले के साथ बुधवार को थाने पहुंचे। अंकित ने बताया कि वह राउ में दीत्वी एक्सपोर्ट कंपनी में पर्चेश मैनेजर की पोस्ट पर काम करते है। कंपनी बुआ के बेटे सचिन के नाम पर है। वह कंपनी के आफिस में अपना काम निपटा रहे थे। तब मोबाइल चेक किया तो उसने एक नंबर से मैसेज आया। जिस पर लिखा था कि कोदरिया में सचिन का घर है। 20 मिनट में 30 लाख नही दिए तो सचिन को मौत की नींद सुला देगें। परिवार को टाईम बम से उड़ा दूंगा। बेटी दीप्ती अभी क्लास में है स्कूल कि मुझे सब पता है। पैसे भेज नही तो सबसे पहले सचिन की बेटी को मौत की नींद सुला दूंगा। जो उसका ड्रायवर है महेन्द्र सिंह रूपये उसके साथ भेजना मेरा पता राजेन्द्र नगर प्ठरूज्ज के पास है। तेरा समय 11:15 से चालू हो गया है। मैसेज पढऩे के बाद बुआ के बेटे सचिन सुले से बात कि उन्हें भी मैसेज भेजा। इसके बाद मिलकर मामले में पुलिस में आकर शिकायत की।

# पुलिस से लूटी पिस्टल फिर किया हत्या, बदमाश गिरफ्तार

## आरोपी लूट और चाकूबाजी की वारदातों में भी शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिसकर्मी से उसकी रिवॉल्वर लूटकर हत्या व लूट करने वाले एक बदमाश को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी लूट व चाकूबाजी की वारदातों में शामिल रहा है। रिमांड पर लेकर इससे अन्य घटनाओं में पूछताछ की जा रही है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक गिरफ्तार बदमाश का नाम अकील शेख (28) निवासी दौलत बाग कॉलोनी खजराना है। आरोपी ने नौ साल पहले उज्जैन के नानाखेड़ा में पदस्थ पुलिसकर्मी से पिस्टल लूट ली थी। इसी पिस्टल से उसने एक हत्या की।




# आटो ड्रायवर की संदिग्ध मौत

इंदौर। पास राउ इलाके में एक ऑटो ड्रायवर बुधवार को संदिग्ध अवस्था में मिला। उसे एबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक संजय पुत्र कैलाश यादव निवासी सुतार गली हातोद की सदिंग्ध परिस्थिती में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक वह पैसेजर ऑटो रिक्शा चलाता है। सुबह वह घर से ऑटो लेकर निकला। दोपहर में वह राउ में सवारी छोडऩे गया। इसके बाद वापस आते समय उसकी रिक्शा सडक़ किनारे उतरी हुई मिली। उसे लोगो ने देखा तो एबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। पुलिस के मुताबिक मामला हार्ट अटैक का लग रहा है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# वृद्धा की चेन लूटने वालों के सीसीटीवी मिले

## टोपी और चश्मा लगाकर काले रंग की बाइक से आए थे बदमाश

इंदौर। गुमाश्ता नगर में 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ हुई लूट की घटना में बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिल गए हैं। दोनों बदमाश टोपी और चश्मा लगाकर काले रंग की बाइक पर वारदात के लिए आए थे। अब उनके रूट की तलाश की जा रही है। इन बदमाशों ने गिरिजा झंवर के साथ लूट की थी। ने एक्टिवा से रिश्तेदार के घर जा रही थीं। इसी दौरान व्यंकटेश मंदिर वाली गली में बाइक सवार दो बदमाश उनका पीछा करते हुए उन्हें धक्का देकर गिराया और उनके गले से ढाई तोला वजनी चेन लूटकर भाग निकले थे। घटना में वृद्धा को चोट आई है। बदमाशों ने पूर्व में भी इसी ढंग से कुछ स्थानों पर वारदात की है। बदमाशों की पहचान हो चुकी है, गिरफ्तारी के बाद खुलासा किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक